## सार-समाचार

### लुणावा जागीर में चोरी

**गुड़ामालानी**, (निसं)। बाडमेर जालोर सीमा पर आई ग्राम पंचायत लुणावा जागीर में चोरी कि वारदात दिनों दिन बढ रही है । गुरुवार देर रात्रि को दो घरों के एक साथ ताले तोडकर चोरों ने चांदी के आभूषण एवं नकदी ले उड़े। ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी मुक्ता पारीक सहित पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचकर चोरी कि घटना कि जानकारी जुटाई । लुणावा जागीर गांव में एक सप्ताह पुर्व पुनमाराम पुत्र वजाराम सोनी,माधाराम पुत्र भलाराम चौधरी के घर के ताले तोडें। वहीं मोहनसिंह पुत्र भीमसिह राजपूत के घर के अज्ञात चोरों ने ताले तोडकर साढे तीन किलो चादी एवं आठ ग्राम सोना तथा पांच हजार रुपए नकदी तिजोरी में रखें हुए थे । तिजोरी को तोडकर सामान ले गए । ऐसे कल रात्रि को अज्ञात चोरों ने ताराचंद पुत्र मोहनलाल जैन तथा गोतम चन्द्र पुत्र मांगीलाल जैन के घरों के ताले तोडकर 14 चांदी के सिक्के सहित चांदी से बने कई मुर्तियां सहित नकदी ले उडे। यह परिवार वर्तमान में मुम्बई में रहता है । घर कि देखकर करने वाले धरम भाई ईराराम पुत्र सोनाराम चौधरी ने परिजनों एवं पुलिस को सूचना दी । थाना प्रभारी मुक्ता पारीक ने घटनास्थल पर पहुंचकर गांव के लोगों से जानकारी लेने के साथ आश्वासन देते हुए कहा कि पुलिस अपनी ओर से कार्रवाई करने में कोई कसर नहीं छोडेगी वही रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। श्री रामदेव युवा सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष हिरालाल जैन ने कहा कि पुलिस पर भरोसा है चोरी कि वारदात को अंजाम देने वाले चोरों पर कडी कार्रवाई करें। लुणावा जागीर में पुलिस चोकी बनाए। वारदातों को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष नजर आ रहा था ।

### प्रोजेक्ट मिलकर करेंगे : डॉ. कच्छावा

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज त्वचा और एमडीआरयू विभाग ने आईसीएमआर-एनआईआईएच मुंबई के साथ संयुक्त सहयोग से महत्वपूर्ण परिणाम के साथ स्क्लेरोडर्मा परियोजना पूरी की। डॉ. दिलीप कच्छावा ने सिलिका परियोजना टीम डॉ. वंदना प्रधान, वैज्ञानिक डी, आईसीएमआर-एनआईआईएच, मुंबई, डॉ. प्रभु प्रकाश, नोडल अधिकारी, एमडीआरयू, एसएन मेडिकल कॉलेज, डॉ. श्वेता माथुर, वैज्ञानिक, एमडीआरयू, एसएन मेडिकल कॉलेज, दिव्यांशु तंवर, प्रयोगशाला तकनीशियन, एमडीआरयू को उत्कृष्ट प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। इसके अलावा डॉ. कछावा ने यह भी बताया कि आईसीएमआर द्वारा वित्त पोषित तीन और परियोजनाएं विटिलिगो पैच टेस्ट, आईएल-6, एचपीवी मेडिकल कॉलेज के एमडीआरयू विभाग में डॉ. प्रभु प्रकाश, नोडल अधिकारी, एमडीआरयू की देखरेख में चल रही हैं। डॉ. कच्छावा ने ऑटोइम्यून ब्लिस्टरिंग डिजीज के बारे में भी बताया कि यह पूरे शरीर में त्वचा और श्लेष्म झिल्ली पर छाले का कारण बनता है। यह मुंह, नाक, गला, आंखें और जननांगों को प्रभावित कर सकता है। पेम्फिगस वुल्गारिस पेम्फिगस का सबसे आम प्रकार है। त्वचा विभाग और एमडीआरयू जल्द ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। त्वचा विभाग से डॉ. कच्छावा, डॉ. पंकज राव, डॉ. आनंद लामोरिया और एमडीआरयू से डॉ. प्रभु प्रकाश, डॉ. श्वेता माथुर काम करेंगे।

### ई-मित्र पर अनियमितता, कार्रवाई की

**जोधपुर**, (कासं)। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा निरंतर ई मित्रों का निरीक्षण कर अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत जोधपुर ग्रामीण द्वारा ब्लॉक भोपालगढ़ के ई-मित्र के निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाई जाने पर शास्ति (पेनल्टी) आरोपित की गई। उपखण्ड अधिकारी भोपालगढ़ व ब्लॉक प्रभारी डी.ओ.आई.टी. भोपालगढ़ द्वारा 25 जून को भोपालगढ़ के ई मित्र कियोस्क धारक रूपाराम भाटी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कियोस्क धारक द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए निर्धारित राशि से अधिक राशि वसूलना पाया गया। ई-मित्र निरीक्षण जांच रिपोर्ट पर एसीपी (उपनिदेशक), राकेश राठी, जिला कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग जोधपुर ग्रामीण द्वारा इस ई मित्र पर एक्शन ऑन ओवरचेंज के तहत 5 हजार रूपये की पेनल्टी कारित की गई एवं ई मित्र को 15 दिन के लिए अस्थाई रूप से बंद किया गया।

### प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर को विदाई दी

**जोधपुर**, (कासं)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सेना बनाड़, जोधपुर के प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर के केन्द्रीय विद्यालय पोकरण में स्थानान्तरण पर विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों ने उनको भावभीनी विदाई दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यार्थियों ने रचनात्मक अभिव्यक्ति से उनके प्रति अपने उद्‌गार व्यक्त किए। इस अवसर पर पीजीटी भौतिक विज्ञान प्रेम कुमार बिंद व वरिष्ठ सचिवालय सहायक लादूसिंह उदावत को भी समारोहपूर्वक विदाई दी गई। शिक्षा व शिक्षार्थियों के हित चिन्तन में सदैव तत्पर व अपने नवाचारों के लिए विख्यात प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर ने अपने संबोधन में सभी को कर्मरत रहते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ अवदान देने का आहवान किया। उल्लेखनीय है कि प्राचार्य ने विद्यालय में छह वर्ष सेवाएँ दी हैं व विद्यालय का सीबीएसई बोर्ड का शत प्रतिशत व उच्च गुणवत्तापूर्ण परिणाम दिया है।

### जल संरक्षण का दिया संदेश

**बालोतरा**, (निसं)। ग्राम पंचायत जेठन्तरी, रानीदेशीपुरा एवं कीटनोद में कृषि विस्तार जिला परिषद बालोतरा के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार यादव, सहायक निदेशक कृषि, छगु लाल गुर्जर, कृषि अधिकारी दुदाराम बारूपाल, कृषि पर्यवेक्षक चंद्राराम भील, कृषि पर्यवेक्षक अचलाराम एवं कृषि पर्यवेक्षक मूलाराम के द्वारा पात्र महिला कृषकों को निःशुल्क मूँग (एमएच- 421), बाजरा एवं (एच एच बी - 299) बीज के मिनिकिट वितरण किया गया। इस अवसर पर कृषि विस्तार जिला परिषद बालोतरा के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार यादव ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की जल बचत संदेश का पंपलेट वितरण करते हुए मरू भूमि में जल के महत्व को समझा कर जल बचत हेतु कृषकों को प्रेरित किया। इस दौरान रानीदेशीपुरा सरपंच गोविंद सिंह, जेठन्तरी उप सरपंच हनुमान राम एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# जोराराम ने उप स्वास्थ्य केन्द्र व विकास कार्यों का लोकार्पण किया

**पाली**,(नि.सं.)। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने शुक्रवार को पाली जिले में सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के कानपुरा में राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का उद्‌घाटन एवं ग्राम पंचायत सलोदरिया में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

प्राप्त जानकरी के अनुसार कैबिनेट मंत्री कुमावत ने ग्राम पंचायत सलोदरिया में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र के नव क्रमोन्नत आयुष्मान आरोग्य मंदिर कानपुरा के लोकार्पण के पश्चात कहा कि राज्य सरकार आमजन के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कटिबद्ध है जिससे की उन्हें बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि पहले उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन टूटा फूटा होने के कारण वहा पर मरीज तो क्या कोई चिकित्सा कर्मी भी नहीं बैठ सकता था। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब इसके नए भवन बनने पर इस उप स्वास्थ्य केन्द्र पर ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी निश्चित रूप से यह केंद्र सभी के लिए लाभदायक साबित होगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र पर चौबीसों घंटे बिजली की व्यवस्था हो इसके लिए पूर्ण व्यवस्था की जाए। आपात कालीन समय यह चिकित्सा केन्द्र कई मायनो मे मरीजों के वरदान साबित होगा।

उन्होंने निर्मित भवन का निरीक्षण कर चिकित्सा कक्ष, सामान्य वार्ड, भण्डार, रक्त संग्रहण, दवा वितरण केंद्र आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कानपुरा में राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का उद्‌घाटन एवं सलोदरिया में विकास कार्यों का लोकार्पण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

### चारदीवारी निर्माण से मिलेगी राहत

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कानपुरा में चारदीवारी निर्माण के उद्‌घाटन के पश्चात कैबिनेट मंत्री कुमावत ने कहा कि विद्यालय में चारदीवारी का निर्माण नहीं होने से विधालय प्रबंधन को काफी समस्याओं का सामना करना पडता था।

कई बार मवेशियों द्वारा गंदगी फैलाने के कारण स्टाफ व विद्यार्थियों को गंदगी मिटाने मे समय बर्बाद होता था। बारिश में पानी भरने की भी समस्या होती थी लेकिन अब उन्हे काफी हद तक राहत मिलेगी।

ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने विधालय क्रमोन्नत की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से जर्जर भवनों व चारदीवारी निर्माण के लिए 12 प्रस्ताव पारित करवाए जो आमजन को समर्पित हुए है।

उन्होंने सलोदरिया में नवीनीकरण कमरों का भी जायजा लिया।

### आमजन की समस्याओं का करें तुरंत निवारण

कैबिनेट मंत्री कुमावत ने कहा कि राजकीय कर्मचारी अपने कार्यालयो में आने वाले फरियादियो की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें राहत प्रदान करे। सभी यह सुनिश्चित करे कि फरियादियों को निराश नहीं कर उन्हें प्रोत्साहित करके भेजे।

साथ ही पर्यावरण को संतुलित करने के लिए गोचर भूमि, सडक के दोनो मार्ग राजकीय विधालय सभी स्थानो पर पौधरोपण कर उनके संरक्षण का जिम्मा ले। इस मौके पर सुमेरपुर प्रधान उर्मिला कंवर, जिला परिषद सदस्य हरि शंकर मेवाड़ा, सरपंच परबत सिंह राणावत, उप सरपंच दुदाराम माली, गजेंद्र सिंह राणावत सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री कुमावत 29 जून को प्रातः 9:30 बजे सुमेरपुर से रवाना होकर प्रातः 10 बजे ग्राम पंचायत सिंदरू में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। वे प्रातः 11:30 बजे सिंदरू से प्रस्थान कर अपराह्न 12 बजे निम्बेश्वर महादेव में आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

वे निम्बेश्वर महादेव से रवाना होकर सांय 5 बजे सुमेरपुर एसीटीओ भवन के जीर्णोद्धार कार्यो का लोकार्पण करेंगे तथा रात्रि विश्राम सुमेरपुर में करेंगे। वे 30 जून को प्रातः 9 बजे सुमेरपुर से राजसमंद के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# बी.एस.एफ. जवान से सचिवालय में नौकरी के नाम पर ठगी

**जोधपुर**, (कासं)। सीमा सुरक्षा बल में कार्यरत जवान से उसके एक परिचित ने सचिवालय में अच्छी जान-पहचान बताकर नौकरी लगवाने के नाम पर 3.52 लाख रूपए ऐंठ लिए। उसके रिश्तेदार से भी रूपए ऐंठे गए। रिश्तेदार भी आर्मी मैस में लगा हुआ है। पीड़ित जवान की तरफ से अब परिचित व्यक्ति के खिलाफ मंडोर थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दी गई है।

मूलतः सीकर के रिंगस स्थित जेतुसर हाल बालसमंद बीएसएफ मुख्यालय में लगे कमल किशोर यादव की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया। इसमें पुलिस को बताया कि उसके एक परिचित जयपुर के शाहपुरा निवासी मनोज कुमार यादव नवंबर 2022 में उसके पास यहां जोधपुर आया था। उसने खुद को पुलिस में एसआई की परीक्षा के साथ आरएएस में पास होना बताते हुए सचिवालय जयपुर में पद स्थापित होने का बताया था। फिर कहा कि उसकी सचिवालय में अच्छी जान पहचान है। सचिवालय द्वारा समय समय पर सीधी नौकरी की भर्ती निकलती है। एक सीधी भर्ती नौकरी आई है, जिसके लिए 34 हजार 860 रूपए फीस लगती है और फिर नौकरी लग जाती है।

पीड़ित कमल किशोर यादव ने रिपोर्ट में बताया कि वह मनोज कुमार यादव की बातों में आ गया और अपने चार रिश्तेदारों की नौकरी के लिए प्रत्येक के हिसाब से उसे 1 लाख 39 हजार 400 रूपए दिए थे। यह रूपए नवंबर 2022 को ही दिए गए थे। फिर पता लगा कि मनोज कुमार यादव ने परिवादी के बुआ के बेटे भाई सुरेश कुमार से जनवरी 23 में संविदा एवं नौकरी के नाम पर 2.13 लाख रूपए लिए हैं, मगर आरोपी मनोज कुमार आज तक ना तो कोई रसीद दी और ना ही कोई नौकरी लगवा पाया।

उसने कुल मिलाकर 3 लाख 52 हजार 400 रूपए की ठगी कर ली। मंडोर पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर अब तफ्तीश आरंभ की है।

# आवासीय भूखण्ड बेचकर पैसे हड़पने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के भीनमाल पुलिस ने शुक्रवार को धोखाधडी कर खातेदारी भुमि को अपनी खरीदसुदा बताकर लोगों को आवासीय भुखण्ड बेच कर रूपये हडपने वाला मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कियाा आरोपी सात प्रकरण में वांछित है।

भीनमाल पुलिस उप अधीक्षक अन्नराजसिंह राजपुरोहित के सुपरविजन में टीम ने रतनसिंह पुत्र उम्मेदसिंह जाति राजपुत निवासी केशव नगर 2 बासनी जोधपुर को जोधपुर से दस्तयाब किया।

तरीका वारदात-अभियुक्त रतनसिंह द्वारा रतन प्रोपॉर्टी प्राईवेट लिमिटेड बासनी, जोधपुर नाम से कस्बा भीनमाल में आफिस खोलकर प्रचार-प्रसार कर कस्बा भीनमाल में लोगों को आवासीय भुखण्ड खरीदने की किस्तों में रूपये जमा करवाने का लालच देकर 05 साल में रूपये पुर्ण जमा करवाने की गांरटी देकर लोगों के साथ छल कपट कर आवासीय भुखण्ड का बेचाननामा कर माह जनवरी वर्ष 2017 से लगातार रूपये किस्तों में प्राप्त कर खातेदारी भुमि को अपनी खरीदसुदा बताकर प्लोटों का नक्शा बनाकर रूपये हडप कर धोखाधडी करना एवं रतन प्रोपॉर्टी का कार्यालय बंद कर फरार होना। भीनमाल क्षेत्र में उक्त फर्म के विरूद्ध अब तक 07 प्रकरण दर्ज है।

इसी प्रकार धोखाधडी कर आवासीय घर के रूपये हडपकर भीनमाल कस्बा में स्थित ऑफिस को बंद कर फरार हो गया।

### पचपदरा विधायक रेल मंत्री से मिले

**बालोतरा**, (निसं)। पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव से शिष्टाचार मुलाकात कर जिले में रेल सेवा के विस्तार पर चर्चा की।

पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने बताया कि केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव से जिले में बाडमेर यशवंतपुर एक्सप्रेस (14805/14806) का प्रतिदिन संचालन करने पर चर्चा की गई। बाडमेर यशवंतपुर एक्सप्रेस 14805/14806 जो सप्ताह में एक दिन बाडमेर से यशवंतपुर तक चलती है।

बाडमेर से लंबी दूरी की एकमात्र ट्रेन बाडमेर से हजारों यात्री प्रतिदिन महाराष्ट्र, कर्नाटक की और सफर करते है। सफर के दौरान उनके आवागमन में अनेकों प्रकार की समस्याओं का सामना करना पडता है।

उन्होंने बाडमेर-बालोतरा-समदडी-जालोर-भीनमाल (राजस्थान) होकर अहमदाबाद (गुजरात) तक नई ट्रेन के संचालन एवं नवजीवन एक्सप्रेस-12655/12656 नवजीवन एक्सप्रेस का विस्तार कर बाडमेर (राजस्थान) से चैन्नई (तमिलनाडु) व चैन्नई (तमिलनाडु) से बाडमेर (राजस्थान) तक बढवाने की मांग की।

# व्यास पूर्णिमा, श्रीविग्रह प्रतिष्ठा प्रपत्र का विमोचन



जोधपुर में दईजर लाछा बासनी स्थित संवित धाम आश्रम में 17 से 21 जुलाई तक आयोजित होने वाले व्यास गुरू पूर्णिमा महोत्सव, श्रीविग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रपत्र का विमोचन किया।

**जोधपुर**, (कासं)। दईजर लाछा बासनी स्थित संवित धाम आश्रम में 17 से 21 जुलाई तक आयोजित होने वाली व्यास गुरु पूर्णिमा महोत्सव और स्वामी ईश्वरानन्द गिरि महाराज के श्रीविग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजन के प्रपत्र का विमोचन किया गया।

संत सरोवर सोमाश्रम, माउंट आबू के अधिष्ठाता स्वामी नारायण गिरि महाराज के सानिध्य में होने वाले महोत्सव में भाग लेने के लिए अनेक संत महात्मा और देश विदेश के सैंकड़ों साधक जोधपुर आयेंगे।

संवित साधनायन संस्थान की लक्ष्मी सोनी और शशिबाला कल्ला ने बताया की स्वामी ईश्वरानन्द गिरि महाराज की आदमकद विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा 19 जुलाई को सुबह 10 बजे होगी तथा गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई को मनाया जाएगा। संवित साधनायन संस्थान की अध्यक्षा रानी उषा देवी के निर्देशन में उत्सव की तैयारियां की जा रही है। उत्सव में संत महात्माओं के प्रवचन, वैदिक पूजा, अनुष्ठान के साथ वेदांत पर आधारित नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की जाएगी।

प्रपत्र विमोचन के समय रोहित सोनी, विजय कल्ला, डा दीपिका व्यास, डॉ. आशीष व्यास, विनोद कल्ला, महेंद्र व्यास, दुर्गा व्यास,विनोद त्रिवेदी, महेश हर्ष, तरुण व्यास, दिव्यांश व्यास, लक्ष्मी बोहरा,शेखर थानवी, डॉ. सी एस कल्ला, भरत जोशी,रामराज पुरोहित, अश्विनी व्यास, महेश बोहरा, के जी पुरोहित , संजू पुरोहित और दिनेश जोशी सहित अनेक साधक उपस्थित थे। संस्थान के अशोक बोहरा और सुनील दाधीच ने बताया कि संवित धाम में 17 से 19 जुलाई तक श्रीविग्रह प्रतिष्ठा हवन होगा जिसकी पूर्णाहुति 19 जुलाई को दोपहर 12 बजे श्रीविग्रह प्रतिष्ठा के बाद होगी। इसी तरह 20 जुलाई को श्रीदक्षिणामूर्ति हवन प्रातः 7 बजे प्रारंभ होगा जिसकी पूर्णाहुति दोपहर 11 बजे होगी।


**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर (राज) 345001**

क्रमांक/भूमि/2024-25/469 दिनांक: 27/06/2024

प्रसारित नोटिस उजरदारी

श्री नवलकिशोर मेहता श्री भंवरलाल मेहता जाति माहेश्वरी निवासी गोयदानी पाडा जैसलमेर द्वारा एक आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 295 साईज 25 गुणा 50 कुल 1250 वर्गफीट वाके लक्ष्मीचन्द सांवल आवासीय योजना जैसलमेर जो की श्री श्यामसुन्दर पुत्र श्री नखतमल पुरोहित जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम दवारा मूलाना तहसील फतेहगढ जिला जैसलमेर जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री नवलकिशोर मेहता पुत्र श्री भंवरलाल मेहता जाति माहेश्वरी निवासी गोयदानी पाडा जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है अत किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

आयुक्त,
नगर परिषद, जैसलमेर

**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर (राज) 345001**

क्रमांक/भूमि/2024-25/470 दिनांक: 27/06/2024

प्रसारित नोटिस उजरदारी

श्रीमती जमना मोहता पत्नि श्री हरीश कुमार मोहता जाति माहेश्वरी निवासी गोयदानी पाडा जैसलमेर द्वारा एक आवेदन-पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या ए-209 साईज 30गुणा60 कुल 1800 वर्गफीट वाके लक्ष्मीचन्द सांवल आवासीय योजना जैसलमेर जो की श्री अतुल भाटिया पुत्र श्री आनन्द कुमार भाटिया जाति भाटिया निवासी भाटिया पाडा जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती जमना मोहता पत्नि श्री हरीश कुमार मोहता जाति माहेश्वरी निवासी गोयदानी पाडा जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहती है। अतः इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

आयुक्त,
नगर परिषद, जैसलमेर


# माण्डवला में कार्यों का निरीक्षण

**जालोर**, (कासं)। जिले के प्रभारी सचिव विश्वमोहन शर्मा ने शुक्रवार को जालोर जिले के एक दिवसीय दौरे के दौरान माण्डवला नर्सरी, ग्राम पंचायत कार्यालय भागली सिंधलान, श्री अन्नपूर्णा रसोई केन्द्र व खनन विभाग के कार्यालय का निरीक्षण किया।

प्रभारी सचिव ने माण्डवला नर्सरी में धामण सहित विभिन्न प्रजातियों की घास के रोपण के लिए सीड बॉल बनाने की प्रकिया भी देखी तथा वन विभाग के वृक्षारोपण कार्यस्थल चित्तहरणी का भी निरीक्षण किया। नर्सरियों में पौधों की अच्छी ग्रोथ पर प्रसन्नता जाहिर की तथा वानिकी विकास कार्यों की भी सराहना की। इस दौरान प्रभारी सचिव ने माण्डवला नर्सरी में गुलमोहर का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया।

प्रभारी सचिव विश्वमोहन शर्मा ने जालोर शहर के औद्योगिक तृतीय चरण में स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई केन्द्रों पर गुणवत्ता जांची एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने भोजन कर रहे आम जन से बातचीत करते हुए खाने की गुणवत्ता पर फीडबैक लेते हुए संचालक को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने भोजन के साप्ताहिक मैन्यू को देखा तथा केन्द्र में टोकन व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था व मैस आदि का भी अवलोकन किया। प्रभारी सचिव ने उद्यान विभाग के सहयोग से तड़वा ग्राम में आधुनिक तकनीकी से तैयार हो रहे मेडुजुला खजूर की खेती के फार्म का अवलोकन किया। उन्होंने प्रगतिशील कृषक के.एन.भाटी से बातचीत कर खजूर की खेती व विभागीय सहयोग के बारे में जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने ग्राम पंचायत कार्यालय भागली सिंधलान का औचक निरीक्षण किया जहाँ ग्राम विकास अधिकारी व सूचना सहायक अनुपस्थित पाये गये जिस पर संबंधित विकास अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने जालोर शहर के तृतीय चरण में स्थित खनन विभाग के कार्यालय का निरीक्षण किया तथा ग्रेनाईट श्रमिकों से बातचीत कर श्रम विभाग द्वारा मिल रही सहायता के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने ग्रेनाईट इकाईयों का अवलोकन कर जानकारी ली। उप वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह भाटी, जालोर उपखण्ड अधिकारी प्रमोद सीरवी, जालोर तहसीलदार गेनाराम, वन विभाग के रेंजर भागीरथ सिंह, नगर परिषद के डीपीएम नरेन्द्र परिहार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रभारी सचिव विश्वमोहन शर्मा ने गुरूवार रात्रि में सर्किट हाउस जालोर में जालोर जिले में वृक्षारोपण महाभियान की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों से फीडबैक लिया। उन्होंने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, वाटरशेड के अधीक्षण अभियंता अरूण आमेटा, उप वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह भाटी, जिला परिषद के अधिशासी अभियंता कुलवंत कालमा, उद्यान विभाग के उप निदेशक एल.एन.यादव, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक दुर्गासिंह उदावत सहित विभिन्न विभागीय अधिकारियों से वृक्षारोपण की तैयारियों व मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के जल संरक्षण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने पर विस्तार से चर्चा कर निर्देश दिए।



जालोर के पास माण्डवला में प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा ने नर्सरी, ग्राम पंचायत कार्यालय भागली सिंधलान, अन्नपूर्णा रसोई केन्द्र, खनन विभाग के कार्यालय का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

### दो घरों में चोरों ने लगाई सैंध

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के चौपासनी गांव स्थित गली नंबर 8 में एक बंद मकान में चोरी हो गई। घर दस दिन से सूना था और परिवार के लोग बेटी के इलाज के लिए हरिद्वार गए थे। वहीं चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 18 में घर के पोर्च में खड़ी एक्टिवा और सामान चोरी हो गया। पीड़ितों की तरफ से संबंधित थानों में केस दर्ज करवाए गए है।

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि लोढ़ों की गली वार्ड नंबर 14 व्यास पार्क हाल चौपासनी गली नंबर 8 निवासी मधुरम पुरोहित पुत्र कांतिचंद्र पुरोहित की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह अपनी छोटी बहन के इलाज के लिए हरिद्वार पंतजलि योगपीठ धाम गए थे। परिवार के लोग 14 जून को गए और वापिस 26 जून की रात एक बजे लौटे थे। तब पता लगा कि घर के ताले टूटे पड़े है। अज्ञात चोर घर से बीस हजार की नगदी के साथ सोने की सवा तोला चेन, दो तोला की चूड़ियां, चांदी के 20 तोला गिलास, दो जोड़ी पायल 17 तोला, 6 तोला चांदी की कटोरी, सोने के आधा तोला लूंग जोड़ी चोरी कर ले गए। राजीव गांधी नगर पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर अब जांच आरंभ की है। वहीं दूसरी तरफ चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 18ई में रहने वाली उर्मिला सुराणा ने रिपोर्ट दी कि उनके घर की पोर्च में एक्टिवा को खड़ा किया था।


**जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, जालोर**

प्रधान कार्यालय : हरिदेव जोशी सर्किल के पास, जालोर-343001

Email: headoffice@jalorebank.com / Website: jalorebank.com/Phone No. 94138-54111

क्रमांक/जा.ना.स.बैंक/2429 दिनांक 28.06.2024

॥ विज्ञप्ति ॥

अनुबन्ध/सेवाप्रदाता एजेन्सी के माध्यम से संविदा पर महाप्रबन्धक की नियुक्त हेतु विज्ञप्ति क्रमांक 1170 दिनांक 14.05.2024 की अवधि 31.08.2024 तक बढाई जाती हैं। शर्तें/योग्यता की जानकारी बैंक की वेबसाईट Website www.jalorebank.com पर उपलब्ध हैं।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. बैंक

प्रारूप - 10
(नियम 6 (7) देखिये)

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालयः- नगरपालिका, भीनमाल**

क्रमांक :न.पा.भी./कृ.भू.नि./2024/1119 — :: लोक सूचना :: — दिनांकः 14.06.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित कृशि भूमि का गैर कृशिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है :-

| क्र.सं | आवेदक का नाम व पता | राजस्व ग्राम | खसरा नं. | क्षैत्रफल वर्गमीटर में | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रमेश कुमार,सुरेश कुमार,दिनेश कुमार पुत्रगण अमीचन्द जी वगैरहा जाति जैन | भीनमाल | 5704 | 481.98 | आवासीय |
| 2 | श्री रमेश कुमार,सुरेश कुमार,दिनेश कुमार पुत्रगण अमीचन्द जी वगैरहा जाति जैन | भीनमाल | 5704 | 452.42 | आवासीय |
| 3. | श्री रमेश कुमार,सुरेश कुमार,दिनेश कुमार पुत्रगण अमीचन्द जी वगैरहा जाति जैन | भीनमाल | 5704 | 1210.84 | आवासीय |
| 4. | श्री जयन्तिलाल,भरत कुमार,राजेश कुमार पुत्रगण रामाजी जाति घांची | भीनमाल | 2802 | 9712.46 | रिसोर्ट |
| 5. | श्रीमति दाडमी देवी पत्नी रमेश कुमार जी जाति माली | भीनमाल | 4328 | 143.81 | आवासीय |
| 6. | श्री मोहनलाल पुत्र जांवतराज जी सेठ जाति जैन जरिये अध्यक्ष जीवदया गौशाला भीनमाल | भीनमाल | 4298 प्लोट न. 47 | 223.04 | आवासीय |
| 7. | श्रीमति दक्षा पत्नी प्रभुभाई पुरोहित | भीनमाल | 6584/2 प्लोट न.99 | 125.46 | आवासीय |
| 8. | श्री तलसाराम पुत्र हडमतसिंह राजपूत | भीनमाल | 6602/7276 प्लोट न-21 | 116.12 | आवासीय |
| 9. | श्री हरिसिंह पुत्र हडमतसिंह राजपूत | भीनमाल | 4326 | 223.04 | आवासीय |
| | भू-उपयोग परिवर्तन | | | | |
| 1. | श्रीमति पार्वती देवी जवाहरमल जी,श्रीमति मोरी देवी पत्नी भंवरलाल जी जातियान माली | भीनमाल | 6099,6100 | 2.07 हैक्टयर | गैर आवासीय से आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 2. | श्री अम्बाराम पुत्र मोडाराम,श्री जबराराम पुत्र उम्मेदाराम जी, श्री मोडाराम पुत्र जवानाजी,श्री रमेश पुरोहित पुत्र उम्मेदाराम जी,श्री सुरेश कुमार पुत्र शंकरलाल जी,श्रीमति सोहनी देवी पत्नी आम्बाराम जी जातियान पुरोहित | भीनमाल | 1479,1496,1498, 1499,1501/1 | 9.4100 हैक्टयर | परिधि नियंत्रण पट्टी से आवासीय प्रयोजनार्थ |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने के 7 दिवस तथा भू-उपयोग परिवर्तन हेतु 15 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्तक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी को आक्षेप नहीं है, और तद्नुसार मामलें का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 14.06.2024 को जारी की जाती है।

स्थान :- नगरपालिका, भीनमाल। प्राधिकृत अधिकारी
अधिशाषी अधिकारी

राज.संवाद/सी/1371/2024-25

# झाबर खर्रा ने पाली जिले के हालात व कार्यों की समीक्षा की

**पाली**, (नि.सं.)। स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले के प्रमुख विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के बाद प्रभारी मंत्री ने जनसुनवाई कर लोगों की समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में निस्तारण के बारे में निर्देश दिए।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि अधिकारी फील्ड में रहकर स्वयं के विभाग से संबंधित योजनाओं व कार्यों की लगातार मॉनिटर करें एवं आमजन की शिकायतों का त्वरित रूप से निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि पाली जिला हर क्षेत्र में अव्वल रहा है तथा प्रदेश में पाली जिले की अलग ही पहचान है।

उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा विभाग को सजग एवं सतर्क रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने प्रभारी मंत्री को जिले की वर्तमान स्थिति के बारे में अवगत कराया। उन्होंने जिला परिषद एसीईओ नंदकिशोर राजौरा से मनरेगा व ग्रामीण क्षेत्रों के कार्यों के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने आगामी पौधारोपण अभियान के लक्ष्यों की जानकारी ली एवं अभियान की सफल क्रियान्विति के निर्देश दिए।

यूआईटी सचिव डॉ.पूजा सक्सेना ने यूआइटी के प्रगति के बारे में अवगत कराया। बैठक में सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने जिले में चिकित्सा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

उन्होंने पेयजल विभाग के अधिकारी से जिले के पेयजल आपूर्ति एवं मांग के बारे में फीडबैक लिया।

उन्होंने कहा कि जिले के शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी निरंतर अंतराल में आपूर्ति हो। प्रभारी मंत्री ने पीडब्लूडी से जिले में सड़कों की स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने निर्देश दिए कि बारिश के मौसम में दुर्घटना से बचाव के लिए खड्डे को पेचवर्क कर रिपेयर करें।

उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन एवं परिवहन को सख्ती से रोकने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि जिले में सभी विद्यालयों में प्रवेषोत्सव को सफल बनाने के निर्देश दिए।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक ने जिले में पशुओं के लिए आवश्यक दवाइयां, डॉक्टर, स्टाफ इत्यादि की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले की गौशालाओं में चारे, पानी की उपलब्धता पर्याप्त रखे।

इसी प्रकार राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में राजस्व की स्थिति की जानकारी ली एवं कहा कि राजस्व से जुड़े लंबित विभिन्न प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने श्रम, रिको, कृषि, वन, पुलिस सहित समस्त विभागों के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी फील्ड में रहकर स्वयं के विभाग से संबंधित योजनाओं व कार्यों की लगातार मॉनिटर करें एवं आमजन की शिकायतों का त्वरित रूप से निस्तारण करें।

बैठक में विधायक केसाराम, संभागीय आयुक्त डॉ.प्रतिभासिंह, जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, एसपी चूनाराम जाट, एडीएम (सीलिंग) भवानीसिंह पंवार, यूआईटी सचिव डॉ.पूजा सक्सेना, सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल, मेडिकल कॉलेज की प्रिंसीपल डॉ.अरूणा सोलंकी, बांगड़ अस्पताल के अधीक्षक डॉ.पीसी व्यास, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



**स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री एवं पाली जिले के प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने राजकीय बांगड़ अस्पताल में भर्ती मरीज से कुशलक्षेम व व्यवस्थाएं पूछी।** फोटो-राष्ट्रदूत

## जनसुनवाई कर सुनी समस्याएं

बैठक के पश्चात प्रभारी मंत्री ने जिला परिषद सभागार में जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

इस मौके पर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत भी उपस्थित रहे।

## अस्पताल में सफाई व्यवस्था सुधारने के दिए निदेश

प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने पाली में राजकीय बांगड़ अस्पताल का निरीक्षण किया।

अस्पताल पहुंचे मंत्री ने ट्रोमा वार्ड पहुंचे तथा वहां पर भर्ती मरीज भावना से कुशलक्षेम पूछी तथा उनसे व वहां पर भर्ती मरीजों से मिल कर अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

वहां से वे सीटी स्कैन कक्ष में पहुंचे वहां पर स्टाफ के बारे में जानकारी ली तथा एक दिन में 35 सीटी स्कैन होने की जानकारी मिलने पर मंत्री ने संतोष जताया।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया तथा वार्डों में मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में संतोष जताया। उन्होंने अस्पताल प्रषासन से आगे भी बेहतर सुविधा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सकीय प्रबंधन बेहतर रखें एवं मरीज का त्वरित उपचार हो।

इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के अधीक्षक डॉ.पीसी व्यास से अस्पताल की चिकित्सा के बारे में स्थिति की जानकारी ली।

इस दौरान जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, मेडिकल कॉलेज की प्रिंसीपल डॉ. अरोड़ा, सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल, बांगड़ अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ.आरके बिष्नोई सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# अचलानंद गिरी महाराज ने पोस्टर जारी किया

**जोधपुर**, (कासं)। ज्योतिष क्षेत्र की अलग-अलग विधाओं का लाभ जोधपुर वासियों को नि: शुल्क रूप से दिलाने के उद्देश्य से जोधपुर के सामाजिक संगठन सत्यमेव जयते सिटिजन सोसायटी और सीता ज्योतिष एवं वास्तु अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 6 जुलाई को जोधपुर के पांचबती चौराहे स्थित होटल चंद्रा में नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श कार्यक्रम किया जाएगा। पोस्टर का विधिवत रूप से विमोचन सेनाचार्य आचार्य अचला नंद गिरि महाराज ने किया।

सत्यमेव जयते सिटिजन सोसायटी की अध्यक्ष विमला गट्टानी ने बताया कि ज्योतिष की विभिन्न विधाएं भारतीय पौराणिक संस्कृति का हिस्सा रही है ज्योतिष के प्रति सभी की सकारात्मक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए 6 जुलाई को प्रात: 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निशुल्क ज्योतिष परामर्श कार्यक्रम सीता ज्योतिष एवं वास्तु अनुसंधान केंद्र के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। इसके लिए विधिवत रूप से रामसा पीर जुगल जोड़ी मंदिर में सेनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज ने पोस्टर का विमोचन किया।

इस अवसर पर सीता ज्योतिष एवं वास्तु अनुसंधान केंद्र के अध्यक्ष पंडित एस के जोशी, सत्यमेव जयते सिटिजन सोसायटी की एडवाइजरी बोर्ड के निदेशक ललित सुराणा, प्रवीण मेढ, आयोजन समिति की सदस्य दमयंती जांगिड़,अजीत सिंह राठौड़, भूमित्र जोशी, निकिता जोशी,संतोष माहेश्वरी, डॉ भेरू प्रकाश दाधीच,पूजा शर्मा, मोनिका आर करल, खुशी शर्मा सहित कई जने मौजूद रहे।

## डीलसी दरों में अभिवृद्धि पर चर्चा की

**जालोर, (कासं)**। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को डीएलसी दरों की अभिवृद्धि को लेकर समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

# पर्यटन को बढ़ावा देने के सुझावों पर मंथन किया



**जैसलमेर में कलैक्टर प्रतापसिंह के निर्देशन में जिला पर्यटन विकास स्थाई समिति की बैठक हुई।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर प्रतापसिंह ने कहा कि जैसलमेर पर्यटन की दृष्टि से बहुत बड़ा हब है, पर्यटन व्यवसायी यहां आने वाले हर देशी-विदेशी सैलानी को बेहतर सुविधाये दें ताकि जिले का पर्यटन व्यवसाय ओर अधिक बढ़ें।

जिला कलैक्टर सिंह ने जिला कलैक्ट्री सभाकक्ष में आयोजित जिला पर्यटन विकास स्थाई समिति की बैठक में सम क्षेत्र में चल रहे पर्यटन गतिविधियों के लिए राष्ट्रीय हरित न्याधिकरण के निर्णय के अनुसार कार्यवाही अमल में लाने पर जोर दिया। साथ ही पर्यटन से जुड़ी साहसिक गतिविधियों जैसे क्वाट बाईक, पैरा गाईडिंग ,पैरा सैलिंग, पैरा मोट्रिंग इत्यादि में भी भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा जारी मानकीकरण एवं नियमन की आवश्यक पालना करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने होटल व्यवसाईयों एवं खुहड़ी व सम में संचालित हो रहे कैम्पधारकों से भी आ ान किया कि वे इन नियमों की पालना करते हुए पर्यटन गतिविधियों को सम्पादित करें।

जिला कलैक्टर ने सहायक निदेशक पर्यटन को निर्देश दिए कि वे जिले में पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण विकास कार्यो की पहचान कर उसकी कार्ययोजना बना कर पर्यटन विभाग में उच्च स्तर पर बजट के लिए प्रेषित करावें। बैठक के दौरान समिति सदस्यों के साथ पर्यटन विकास को लेकर विविध पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई एवं उनके सुझावों को भी आमन्त्रित किया गया।

इसके साथ ही बैठक में सम क्षेत्र में नए पर्यटन उत्पादों यथा सैण्ड आर्ट पार्क, वेस्ट टू क्रॉफ्ट पार्क इत्यादि के विकास पर सदस्यों के साथ मन्थन किया गया।

उन्होंने सहायक निदेशक को निर्देश दिए कि वे सम-कनोई क्षेत्र में कचरा संठाहण की उचित कार्यवाही करते हुए ठोस कचरा प्रबन्धन की कार्ययोजना बनाए इसके लिये सम वेलफेयर सोसायटी एवं कैम्पधारक संचालकों का पूरा सहयोग लें।

उन्होंने डेजर्ट नेशनल पार्क के क्षेत्र में खुहड़ी के जो धौरे अभी चिन्हित है उनके लिये उपवन संरक्षक डीएनपी को निर्देश दिए कि वे इनका वन विभाग एवं राजस्व की संयुक्त सर्वेक्षण की कार्यवाही करावें।

उन्होंने बैठक में समिति सदस्यों द्वारा लपकों की रोकथाम के लिए बताई गई समस्या पर कहा कि पुलिस के माध्यम से लपकागिरी पर नकेल कसने के लिए पूरे प्रयास किए जाएगें। उन्होंने इस कार्य में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े प्रतिनिधियों को भी पूरा सहयोग देने पर जोर दिया।

सहायक निदेशक पर्यटन स्वागत केन्द्र कृष्णकुमार ने बैठक में ऐजेण्डेवार विभिन्न बिन्दुओं को विस्तार से रखा। बैठक में उपवन संरक्षक डीएनपी आशीष व्यास, युआईटी सचिव जितेन्द्रसिंह नरुका, जिला परिवहन अधिकारी

नितीनकुमार बोहरा, आयुक्त नगरपरिषद लजपालसिंह सौढ़ा, पर्यटन व्यवसाय से जुड़े प्रतिनिधि कैलाश व्यास, गाजीखां, गजेन्द्रसिंह सोढ़ा एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# खोखरिया फांटा से बनाड़ तक अतिक्रमण हटाए



**जोधपुर विकास प्राधिकरण ने खोखरिया फांटा से बनाड़ चौराहा तक अतिक्रमणों को हटाया।**

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार सड़क मार्गाधिकार के अतिक्रमणों सख्त कार्रवाई के क्रम में प्राधिकरण ने शुक्रवार को खोखरिया फांटा से बनाड़ चौराहा तक सड़क मार्गाधिकार में किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया।

जेडीए दस्ते ने नियमित रूप से अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर भी सख्त कार्यवाही की । राजस्थान उच्च न्यायालय के दियेनिर्देशों एवं प्राधिकरण सचिव डॉ. हरीतिमा के आदेशानुसार जेडीए दस्ते ने द उम्मेद होटल खोखरिया फांटा से बनाड चौराहा तक मौका निरीक्षण करते हुए मुख्य सडक भाग के दोनों तरफ एवं फुटपाथ पर अनाधिकृत एवं अवैध रूप से निर्मित छप्परें, साईन बोर्ड, सब्जियों की अस्थायी दुकानें, दुकानों के आगे रखा सामान, चाय स्टेण्ड, लोहे की फ्रेमें, केबिन, तिरपाल, ठेला, पत्थर के स्टेण्ड व चबूतरियां, सिरकियों के छप्परें इत्यादि अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया।

दस्ते ने सड़क मार्गाधिकार को अतिक्रमण मुक्त कर आवागमन के लिए सुचारू किया गया।

दस्ते ने दुकानदारों व संचालकों को सख्त हिदायत दी कि अतिक्रमण मुक्त सड़क मार्ग में किसी प्रकार से पुन: अवैध निर्माण अथवा अतिक्रमण नहीं करें, अन्यथा प्राधिकरण की सख्त कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत, प्रवर्तन निरीक्षक अनिल शर्मा मय अतिक्रमण दस्ते मौजूद रहे।

# जालोर क्षेत्र की प्रतिभाओं का अभिनंदन कल

**जालोर**, (कासं)। स्व. फूसाराम महाराज स्मृति सेवा प्रन्यास जालोर की ओर से विधानसभा क्षेत्र जालोर के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह 30जून को दोपहर 3 बजे आईटीआई के पीछे जालोर स्थित गणेश गार्डन जालोर में आयोजित होगा।

समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर एवं अध्यक्ष मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग द्वारा 175 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा। कार्यकम संयोजक नाथू सोलंकी ने बताया कि समारोह के दौरान जालोर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय, निजी एवं केन्द्रीय विद्यालय के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कला, विज्ञान, वाणिज्य व कृषि संकाय में सत्र 2023-24 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का समारोहपूर्वक अभिनंदन कर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक व जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग की पहल पर प्रतिभाओं को उत्साहित कर आगे बढाने के उद्देश्य से सम्मान समारेह का आयोजन किया जा रहा है। ताकि ऐसी प्रतिभाएं आगे जाकर अपने परिवार, गांव व जिले का नाम रोशन कर सकें। समारोह को लेकर मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने सभी सम्मानित प्रतिभाओं को पत्र के माध्यम से अभिनंदन एवं आमंत्रण भेजा हैं। समारोह के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन कर तैयारियाँ पूर्ण की जा चुकी हैं।

# बिना अनुमति के अवकाश पर रहा पटवारी निलम्बित

**बालोतरा**, (निसं)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किये अवकाश पर रहने पर कमला पटवारी जानियाना को निलम्बित किया।

पटवारी कमला तहसील पचपदरा मुख्यालय से बिना किसी सक्षम अधिकारी से अवकाश स्वीकृति के 15 सितम्बर 2023 से अनुपस्थित है। लंबे समय से अनुपस्थिति की तहसीलदार पचपदरा की रिपोर्ट के आधार पर जिला कलैक्टर सुशील यादव ने राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण नियत्रंण एवं अपील) नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कमला पटवारी जानियाना (स्थानान्तरणाधीन) तहसील पचपदरा का निलम्बित किया। मुख्यालय तहसीलदार कार्यालय भू. अ. समदडी रहेगा।

# धोरीमन्ना में क्षतिग्रस्त सड़क से लोग परेशान

**धोरीमन्ना**, (निसं)। धोरीमन्ना में क्षतिग्रस्त सड़क से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण दिनेश बिश्नोई ने कहा बूंदाबांदी हल्की बारिश होने से भी एवं ब्रिज के पास बनी हुई सर्विस सडक एवं ब्रिज के नीचे धोरीमना थाने के पास चौराहे के पास सर्विस सडक पर बडे-बडे गड्ढे एवं पानी निकासी के लिए बने हुए। नाले खुले होने के कारण एक महिला बच्चे सहित नाले में गिर गई नाला खुला होने के कारण आए। दिन ऐसी घटना होती रहती है। मनोहर बिश्नोई ने बताया कि एनसीआई के अधिकारियों की अनदेखी के कारण छोटे बडे वाहन चालक आमजन राहगीर मुख्य चौराहे के आसपास बडे-बडे गड्ढे बूंदाबांदी होने के कारण पानी से भर जाते हैं बडे गड्ढों के कारण कभी भी बडी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। चौराहे पर पुलिस प्रशासन की व्यवस्था ना के बराबर है। चौराहे के चारों तरफ हर समय वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। दिव्यांग अध्यक्ष हरचंद राम सुथार ने बताया ब्रिज के नीचे कचरे का ढेर लगे हुए हैं न जाने यह कचरा कितनी बडी-बडी बीमारियों का न्योता दे रहे हैं। ऑटो अध्यक्ष धोरीमना किसनाराम मंजू ने कहा कि ऑटो के स्टॉप द्वारा हुई गंदगी को दिन को हम साफ करते हैं। रात के समय व्यापारियों द्वारा या गंदगी फैलाई जा रही है। गंदगी का बडा अड्डा बना दिया बदबू चारों तरफ फैल रही है। ऑटो के यूनियन के सदस्य जगदीश शर्मा रमेश प्रकाश लोहार एनसाआई के अधिकारी सक्षम गर्ग ने बताया कि समस्याओं को लेकर अतिशीघ्र ही कोई कदम उठाया जाएगा।

# निष्पक्ष जांच मांगी

**जालोर**, (कासं)। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर भीनमाल निवासी सतीश माली की चीन में अपहरण कर हत्या करने के मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

पत्र में उन्होनें परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए बताया की चीन में अहरण कर हत्या की घटना सभी देशवासियों की सुरक्षा का विषय हैं, जिस पर विचार करना आवश्यक हैं। उन्होने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से चीन की सरकार से इस मामले की पूर्ण और निष्पक्ष जाँच करवाने के आग्रह की मांग के साथ-साथ दोषियों को शीघ्र और कडी सजा दिलाने के लिए दबाव बनाने और भविष्य में ऐसे घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने की बात कही। उन्होने पत्र के माध्यम से सतीश माली के परिवार को हर संभव सहायता, समर्थन और कानूनी और वित्तीय मदद की मांग की।

# विद्युत, पेयजल व चिकित्सा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश

**जालोर**, (कासं)। जिले के प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई जिसमें उन्होंने गत बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना रिपोर्ट देखते हुए विद्युत, पेयजल व चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने वृक्षारोपण महाभियान को लेकर सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यानुरूप वृक्षारोपण कर उनका संरक्षण किया जाना सुनिश्चित करें वही आगामी 8 अगस्त को अमृत वृक्षारोपण अभियान के तहत ''एक पेड़ देश के नाम'' थीम के साथ वृक्ष लगाने की शपथ के संबंध में निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव ने आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए आपदा प्रबंधन संबंधित पूर्व तैयारियाँ सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने नर्मदा परियोजना के डीआर, ईआर व एफआर प्रोजेक्ट की प्रगति के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में सुचारू पेयजल व विद्युत आपूर्ति को लेकर विभागीय अधिकारियों को विशेष तौर पर निर्देश दिए। उन्होंने इनके संबंध में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने, शिकायत रजिस्टर संधारित करने तथा 24 घण्टे निरंतर हेल्प डेस्क संचालित करने की बात कही।

उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन को लाभांवित करने की बात कही। प्रभारी सचिव ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग बढ़ाने, मौसमी बीमारियों को देखते हुए एन्टी लार्वा एक्टिविटी तथा दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने मानसून पूर्व जिले में स्थित बांधों की पाल के रखरखाव फाटकों के संचालन के संबंध में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को सुरक्षा प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद, शिक्षा, पशुपालन, वन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, कृषि, उद्यान विभाग सहित विभिन्न विभागों की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर पूजा पार्थ ने विभिन्न विभागों के प्रगति की संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, उप वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह भाटी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वरलाल मेघवाल, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता पी.एस.राठौड़, सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसई चतुर्भज खुडीवाल, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता आर.सी.मीना, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, पीएमओ डॉ. पूनम टांक, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी मनोहरलाल मीना, जिला रसद अधिकारी आलोक झेरवार सहित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



**जालोर के कलैक्ट्रेट में प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा ने अधिकारियों की बैठक ली।** फोटो-राष्ट्रदूत

# मंत्री जोगाराम पटेल ने पंचायत समिति लूणी की साधारण सभा में शिरकत की

**जोधपुर**, (कासं)। पंचायत समिति लूणी की साधारण सभा की बैठक शुक्रवार को पंचायत समिति सभागार में संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल, बिलाड़ा विधायक अर्जुनलाल गर्ग के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधान वाटिका राजपुरोहित की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

धवा पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक पंचायत समिति प्रांगण में प्रधान गोविन्द राम की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन के कल्याण के लिए संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वंचित वर्गों को आर्थिक संबल प्रदान करते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि 1000 रूपए से बढ़ाकर 1150 रूपए लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा कर दी है।

पटेल ने कहा कि राज्य सरकार कृषि एवं किसान कल्याण की योजनाओं को प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि 6000 से बढ़ाकर 8000 कर दी है जिसकी किश्त शीघ्र किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी।

संसदीय कार्य विधि एवं न्याय मंत्री ने कहा कि अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि समन्वय एवं सहयोग के माध्यम से जनहित से जुड़े कार्य प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि नवीन राजस्व ग्राम, आरडीएसएस योजना के तहत विद्युत फीडर के मरम्मत एवं नवीनीकरण, सड़कों की मरम्मत एवं नवीनीकरण संबंधी प्रस्ताव भिजवाएं।

## जल जीवन मिशन की समीक्षा के लिए होगी विशेष बैठक

पटेल ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी अधिकारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति एवं मुद्दों पर क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ धवा एवं लूणी में शीघ्र बैठक बुलाने के लिए निर्देशित किया।

## 'अधिकारी प्रतिमाह कम से कम 10 निरीक्षण करें'

श्री पटेल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फील्ड के सभी कार्मिक कार्यालय समय में अपने कार्यालय में उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। कार्यालय समय पर अन्यत्र जाने पर सूचना बोर्ड पर चस्पा करके जायेंगे।

इस अवसर पर उन्होंने उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी एवं बीसीएमओ को प्रत्येक माह कम से कम 10 औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

पटेल ने राजस्व विभाग को कटानी रास्तों के अतिक्रमण हटाने एवं जोधपुर विकास प्राधिकरण को विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र एवं बिजलीघर की भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों पर समुचित कार्यवाही कर शीघ्र भूमि आवंटित करने के निर्देश दिए।

पटेल ने कहा कि ई मित्र संचालकों के विरुद्ध निर्धारित शुल्क से अतिरिक्त राशि लेने,सेवा शुल्क का बोर्ड नहीं होने जैसी शिकायतों पर सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र में ई मित्र कियोस्क का नियमित निरीक्षण करें।

## पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री पटेल ने धवा पंचायत समिति परिसरमें पौधारोपण किया।

उन्होंने आहवान करते हुए कहा मानसून प्रारंभ हो गया पौधारोपण के लिए सबसे अनुकूल समय है, इसलिए सभी लोग वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

